भारतीय पराचिकित्सा परिषद्
609, सफीपुर प्रथम, रामादेवी, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, भारत–208 007

INDIAN PARAMEDICAL COUNCIL
609, Safipur First, Ramadevi, Kanpur Nagar
Uttar Pradesh, India - 208007

सर्वे सन्तु निरामया:

शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सी आर अधिनियम 1957 के तहत मान्यता प्राप्त आई एस एन द्वारा संचालित एक स्वायत्त परिषद्
An Autonomous Council Run by ISN Recognized by Ministry of Education (HRD) under C R act 1957

Ref. No. SITE/IPC/211202 Date 01 DEC. 2021

सेवा में,

प्रबंधक/प्रधानाचार्य,
समस्त नर्सिंग/पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
भारत।

विषय – समस्त नर्सिंग/पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रवेशित अभ्यार्थियों के ऑन–लाइन इन्रॉलमेन्ट के सम्बन्ध में दिशा – निर्देश।

महोदय/महोदया,

आप सभी प्रशिक्षण केन्द्रों को सूचित किया जाता हैं कि प्रशिक्षण सत्र 2021–22 में प्रवेशित अभ्यार्थियों के संबंध में निम्नलिखित दिशा – निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए –

1. समस्त नर्सिंग/पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों को सूचित किया जाता हैं कि नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अन्तिम तिथि 10 दिसम्बर 2021 सुनिश्चित की गयी हैं।
2. इनरोलमेन्ट पैनल 01 दिसम्बर 2021 से 15 दिसम्बर, 2021 तक ऑन–लाइन इनरॉल्मेन्ट हेतु खोला जाएगा। जिस पर आपके द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं के इनरॉल्मेन्ट सेन्टर लॉग इन पैनल द्वारा कार्यालय की वेबसाइट www.indianparamedicalcouncil.org पर दिनांक 15 दिसम्बर, 2021 तक अपलोड किए जायेंगें।
3. अ. नर्सिंग/पैरामेडिकल प्रशिक्षण हेतु अर्हता इण्डियन पैरामेडिकल काउन्सिल के दिशा– निर्देशानुसार दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न रहेगी।
   ब. पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षणों के अर्हता इण्टरमीडिएट से उत्तीर्ण होना चाहिए।
4. ऑन– लाइन इनरॉलमेन्ट हेतु शैक्षिक प्रमाण पत्रों हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के रंगीन सर्टिफिकेट जो पठनीय हों एवं प्रबंधक द्वारा सत्यापित छात्र/छात्राओं के फोटो एवं हस्ताक्षर ब्लॉक आवश्यक रूप से अपलोड किये जाए।
5. प्रवेशित छात्र/छात्राओं के इनरॉलमेन्ट करते समय सावधानी पूर्वक सभी सूचनाओं को भरें, ताकि किसी भी तरह की त्रुटि की संभावना न रहे।
6. नर्सिंग/पैरामेडिकल हेतु न्यूनतम आयु 10 दिसम्बर 2021 तक 17 वर्ष होनी चाहिए।
7. आपके द्वारा आपके प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन अपने स्तर से स्वयं कर लें। शैक्षिक प्रमाण पत्रों के मिलान में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर समस्त उत्तरदायित्व आपके संस्थान का होगा।
8. किसी अभ्यार्थी के नाम एवं माता – पिता के नाम में या अन्य कोई त्रुटि हो तो शुल्क जमा करने के पूर्व/साथ अवश्य सही कराने का कष्ट करें।
9. प्रवेश की अन्तिम तिथि 10 दिसम्बर, 2021 के पश्चात् प्रवेशित छात्र/छात्राओं के इन्रॉलमेंन्ट की सूची लॉग – इन पैनल से प्रिन्ट निकाल कर प्रबंधक द्वारा प्रमाणित कर इसे कार्यालय में दिनांक 15 दिसम्बर, 2021 तक जमा करना सुनिश्चित करें।
10. समस्त छात्र/छात्राओं के इन्रॉल्मेन्ट सम्बन्धित शुल्क 15 दिसम्बर, 2021 से 20 दिसम्बर, 2021 तक काउन्सिल में जमा करना अनिवार्य हैं।
11. निर्धारित तिथि के तत्पश्चात् कुल फीस का 10 प्रतिशत विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 तक कार्यालय में जमा किया जा सकता हैं। विलम्ब शुल्क देय तिथि तक न जमा होने की दशा में प्रवेशित अभ्यार्थियों का इनरोलमेन्ट निरस्त कर दिया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपके संस्थान की होगी

भवदीय

रजिस्ट्रार
इण्डियन पैरामेडिकल काउन्सिल

INDIAN PARAMEDICAL COUNCIL
IPC 4096714
REGISTRAR
INDIA
Kanpur